# मध्यप्रदेश विधान सभा

## फरवरी-मार्च, 2021 सत्र

### दैनिक कार्य सूची

### सोमवार, दिनांक 1 मार्च, 2021 (फाल्गुन 10, 1942)

### समय 11.00 बजे दिन

#### 1. प्रश्नोत्तर.

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

#### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना.

(1) **श्री जगदीश देवड़ा, वित्त मंत्री**, द स्टेट फायनेंशियल कार्पोरेशन एक्ट, 1951 (क्रमांक 63 सन् 1951) की धारा-37 की उपधारा (7) की अपेक्षानुसार -

(क) मध्यप्रदेश वित्त निगम के 31 मार्च, 2018 एवं 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का पृथक् लेखा परीक्षा प्रतिवेदन, तथा

(ख) मध्यप्रदेश वित्त निगम का 64 वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2018-2019,

पटल पर रखेंगे.

(2) **श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, खनिज साधन मंत्री,** मध्यप्रदेश जिला खनिज प्रतिष्ठान नियम, 2016 के नियम 18 (3) की अपेक्षानुसार जिला खनिज प्रतिष्ठान, सिंगरौली, झाबुआ एवं बालाघाट का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2019-2020 पटल पर रखेंगे.

(3) **श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री,** कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन् 2013) की धारा 395 की उपधारा (1) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड, इन्दौर (म.प्र.) का सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2018-2019 पटल पर रखेंगे.

(4) **सुश्री उषा ठाकुर, पर्यटन मंत्री,** कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन् 2013) की धारा 395 की उपधारा (1) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित का 39 वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2016-2017 पटल पर रखेंगी.

(5) **श्री हरदीप सिंह डंग, पर्यावरण मंत्री,** जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 40 की उपधारा (7) तथा वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 36 की उपधारा (7) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का वार्षिक लेखा परीक्षण प्रतिवेदन वर्ष 2019-2020 पटल पर रखेंगे.

#### 3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण.

(1) **कुँवर विक्रम सिंह, सदस्य,** पन्ना नेशनल पार्क के विस्तार हेतु विस्थापित किसानों को भू-अधिकार पुस्तिका न दिये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) **श्री आलोक चतुर्वेदी, सदस्य,** छतरपुर में मेडीकल कॉलेज का निर्माण कार्य प्रारंभ न होने की ओर चिकित्सा शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

## 4. याचिकाओं की प्रस्तुति.

(1) **श्री दिलीप सिंह परिहार, सदस्य,** नीमच जिले के बोरदियाकलां से अचरपुरा मनासा तक डामरीकृत सड़क निर्माण कराये जाने,

(2) **श्री राहुल सिंह लोधी, सदस्य,** टीकमगढ़ जिले के ग्राम भेलसी में सोसायटी एवं खाद बीज के लिये गोदाम निर्माण कराये जाने,

(3) **श्री संजय सत्येन्द्र पाठक, सदस्य,** कटनी जिले के बरही नगर में कृषि महाविद्यालय खोले जाने,

(4) **श्री उमाकांत शर्मा, सदस्य,** विदिशा जिले की लटेरी तहसील के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आनंदपुर का उन्नयन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किये जाने,

(5) **श्री बृजेन्द्र सिंह राठौर, सदस्य,** टीकमगढ़ जिले के ग्राम धर्मपुरा से उत्तरी करी तक पक्का मार्ग निर्माण कराये जाने,

(6) **श्री विक्रम सिंह, सदस्य,** सतना जिले के ग्राम देवरी में असरावल नदी पर स्टापडेम निर्माण कराये जाने,

(7) **श्री पी.सी. शर्मा, सदस्य,** भोपाल शहर के वार्ड क्रमांक-30 हर्षवर्धन नगर मुख्य सड़क से होते हुए शॉपिंग काम्प्लेक्स के सामने से पंपापुर नाले को जोड़े जाने,

(8) **श्री अनिल जैन, सदस्य,** निवाड़ी जिले के ग्राम देवराखेरा मार्ग से पिपरा तक पक्का मार्ग निर्माण कराये जाने,

(9) **श्री सुनील उईके, सदस्य,** छिन्दवाड़ा जिले के जुन्नारदेव बिलावरकला में दुर्गा मंदिर से झौतकलां तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(10) **श्री अशोक ईश्वरदास रोहाणी, सदस्य,** जबलपुर शहर के केन्ट अंतर्गत रांझी क्षेत्र में सर्रापीपल एवं गणेशगंज स्कूल की बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कराये जाने,

(11) **श्री संजय यादव, सदस्य,** जबलपुर जिले के ग्राम घाना के स्कूल के पास का अतिक्रमण हटाये जाने,

(12) **श्री प्रहलाद लोधी, सदस्य,** पन्ना जिले के पवई में सांटा बुद्ध सिंह के पास व्यारमा नदी धौधी घाट पर स्टापडेम निर्माण कराये जाने,

(13) **श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सदस्य,** दमोह जिले के ग्राम गड़िया से सलैया तक मार्ग निर्माण कराये जाने,

(14) **श्री देवीलाल धाकड़, सदस्य,** मंदसौर जिले के भानपुरा नगर में बायपास सड़क निर्माण कराये जाने,

(15) **श्री अनिरूद्ध (माधव) मारू, सदस्य,** नीमच जिले की तहसील मनासा अंतर्गत कुकडेश्वर नगर में स्टेडियम बनाये जाने,

(16) **श्री आलोक चतुर्वेदी, सदस्य,** छतरपुर जिले के ग्राम बरा से मुख्य मार्ग तक पक्का मार्ग निर्माण कराये जाने,

(17) **श्री शैलेन्द्र जैन, सदस्य,** सागर जिले के मधुकरशाह वार्ड से बजरंग काम्प्लेक्स तक नाला निर्माण कराये जाने,

(18) **श्री मनोज चावला, सदस्य,** रतलाम जिले के ग्राम गुर्जरबर्डिया में नवीन विद्युत ग्रिड स्थापित कराये जाने,

(19) **कुंवर विक्रम सिंह, सदस्य,** छतरपुर जिले के ग्राम मोटा चौकन, रैपुरा एवं चनारी के ग्रामवासियों को भूमि अधिकार आदेश जारी कराये जाने,

(20) **श्री लाखन सिंह यादव, सदस्य,** ग्वालियर जिले के ग्राम चिनौर से भितरवार व्हाया करईया रोड का निर्माण कराये जाने,

(21) **श्री जालम सिंह पटैल, सदस्य,** नरसिंहपुर जिले के ग्राम कंधरापुर से सिमरी डूढी तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(22) **श्री सूबेदार सिंह सिकरवार रजौधा, सदस्य,** मुरैना जिले के ग्राम कुर्रोली में क्वारी नदी पर कॉजवे कम स्टापडेम निर्माण कराये जाने,

(23) **डॉ. सतीश सिकरवार, सदस्य,** ग्वालियर शहर के वार्ड क्रमांक-21 नारायण विहार कालोनी में खम्बा फैक्ट्री से मुरारी गोदाम में सीवर लाईन एवं पानी की पाईप लाईन डलवाये जाने,

(24) **श्रीमती मनीषा सिंह, सदस्य,** शहडोल जिले के ग्राम बम्हनी में पी.डी.एस. भवन निर्माण कराये जाने,

(25) **श्री ग्यारसीलाल रावत, सदस्य,** बड़वानी जिले के सेंधवा अंतर्गत शिव कालोनी में सड़क निर्माण कराये जाने,

(26) **इंजी. प्रदीप लारिया, सदस्य,** सागर जिले के पथरिया जाट में मेन रोड से हाईस्कूल तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(27) **श्री के.पी. त्रिपाठी, सदस्य,** रीवा जिले के ग्राम खड्डा स्थित हाईस्कूल का हायर सेकेण्ड्री में उन्नयन किये जाने,

(28) **श्री राकेश गिरि, सदस्य,** टीकमगढ़ जिले के ग्राम शिवपुरी का नाम बदलकर कुण्डेश्वर धाम किये जाने,

(29) **श्री फुन्देलाल सिंह मार्को, सदस्य,** अनूपपुर जिले के ग्राम कदमसरा में तिपान नदी के कुट्टी घाट पर रपटा कम स्टापडेम का निर्माण कराये जाने,

(30) **श्री दिनेश राय 'मुनमुन', सदस्य,** सिवनी जिले के ग्राम बकौड़ा में स्कूल भवन स्वीकृत किये जाने,

(31) **श्री राज्यवर्धन सिंह, सदस्य,** राजगढ़ जिले के ग्राम कोटरा स्थित शासकीय हाईस्कूल का हायर सेकेण्ड्री स्कूल में उन्नयन किये जाने,

(32) **श्री सोहनलाल बाल्मीक, सदस्य,** छिन्दवाड़ा जिले के झुर्रेमाल से उरधन ढाना तक मार्ग निर्माण कराये जाने,

(33) **श्रीमती झूमा सोलंकी, सदस्य,** खरगोन जिले के ग्राम नुरियाखेड़ी से रामपुरा तक मार्ग निर्माण कराये जाने,

(34) **श्री सुरेश राजे, सदस्य,** ग्वालियर जिले के डबरा में ग्राम छपरा से बडेरा तक मार्ग निर्माण कराये जाने,

(35) **श्री संजय शर्मा, सदस्य,** नरसिंहपुर जिले के ग्राम सर्रा टोला में अटल ज्योति योजनांतर्गत विद्युत प्रदाय कराये जाने,

(36) **श्री नारायण सिंह पट्टा, सदस्य,** मण्डला जिले के रामनगर में मंगल भवन बनाये जाने,

(37) **श्री राकेश मावई, सदस्य,** मुरैना शहर की गलियों में सीवर लाईन डालने एवं सी.सी. रोड मरम्मत कार्य कराये जाने,

(38) **श्री प्रणय प्रभात पांडे, सदस्य,** कटनी जिले के ग्राम बिलहरी में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना किये जाने,

(39) **श्री प्रेमशंकर वर्मा, सदस्य,** होशंगाबाद जिले के ग्राम डोलरिया में शासकीय महाविद्यालय एवं कन्या महाविद्यालय का भवन निर्माण कराये जाने,

(40) **श्री राजेश कुमार प्रजापति, सदस्य,** छतरपुर जिले के ग्राम बल्टा एवं गहबरा स्थित शास. माध्य. विद्यालय का हाईस्कूल में उन्नयन किये जाने,

(41) **श्री प्रियव्रत सिंह, सदस्य,** राजगढ़ जिले के ग्राम लखोनी में सामुदायिक भवन का निर्माण कराये जाने,

(42) **श्री यशपाल सिंह सिसौदिया, सदस्य,** मंदसौर जिले के ग्राम पंचायत बालोदिया में नवीन पंचायत भवन की स्वीकृति प्रदान किये जाने,

(43) **श्री राम दांगोरे, सदस्य,** खण्डवा जिले के अहमदपुर खैगांव से सुरगांव जोशी तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(44) **डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य,** भिण्ड जिले के लहार, मिहोना एवं दबोह से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-552 से अतिक्रमण हटाये जाने,

(45) **श्री जजपाल सिंह 'जज्जी', सदस्य,** अशोकनगर के जिला अस्पताल को 300 बिस्तरीय अस्पताल में उन्नयन किये जाने,

(46) **श्री तरबर सिंह, सदस्य,** सागर जिले के ग्राम चीलपहाड़ी एवं पिपरिया के बीच बेबस नदी पर स्टापडेम निर्माण कराये जाने,

(47) **श्री प्रताप ग्रेवाल, सदस्य,** धार जिले के ग्राम सेमलखेड़ी मार्ग पर पुलिया निर्माण कराये जाने,

(48) **श्री कुणाल चौधरी, सदस्य,** शाजापुर जिले के ग्राम कादीखेड़ी हनुमान मंदिर से तालाब तक रोड एवं श्मशान की पुलिया स्वीकृत कराये जाने,

(49) **श्री शरद जुगलाल कोल, सदस्य,** शहडोल जिले के जयसिंह नगर स्थित शासकीय हाईस्कूल को हायर सेकेण्ड्री में उन्नयन किये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

निर्धारित समय

## 5. शासकीय विधि विषयक कार्य.

(1) **डॉ. नरोत्तम मिश्र, गृह मंत्री,** मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता विधेयक, 2021 (क्रमांक 1 सन् 2021) के पुर:स्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगे.

(2) **डॉ. नरोत्तम मिश्र, विधि और विधायी कार्य मंत्री,** प्रस्ताव करेंगे कि सिविल प्रक्रिया संहिता
30 मि. (मध्यप्रदेश संशोधन) विधेयक, 2020 (क्रमांक 10 सन् 2020) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डश: विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

(3) **डॉ. नरोत्तम मिश्र, विधि और विधायी कार्य मंत्री,** प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश सिविल न्यायालय
15 मि. (संशोधन) विधेयक, 2021 (क्रमांक 14 सन् 2021) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डश: विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

(4) **डॉ. मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री**, प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय संशोधन
15 मि. विधेयक, 2021 (क्रमांक 8 सन् 2021) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डश: विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

(5) **डॉ. मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री**, प्रस्ताव करेंगे कि डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान
15 मि. विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021 (क्रमांक 9 सन् 2021) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डश: विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

(6) **डॉ. मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री,** प्रस्ताव करेंगे कि पंडित एस.एन. शुक्ला विश्वविद्यालय (संशोधन)
15 मि. विधेयक, 2021 (क्रमांक 10 सन् 2021) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डश: विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

(7) **डॉ. मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री,** प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं
15 मि. संचालन) संशोधन विधेयक, 2021 (क्रमांक 11 सन् 2021) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डश: विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

**ए. पी. सिंह**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**

**भोपाल :**
**दिनांक : 28 फरवरी, 2021**